झारखण्ड सरकार

मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

राँची, दिनांक– **18.01.2020**

गरीब-गुरबा के लिए समर्पित है हमारी सरकार--हेमन्त सोरेन

=======================

विज्ञप्ति संख्या - 69/2020

राजा उलहातू, रांची

=======================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने संत अन्ना अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर का उद्घाटन किया

======================

खिजरी प्रखंड रांची के राजा उलहातू में स्थित यह अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर 100 बेडेड

======================

हमारी सरकार स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

=======================

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार गरीब गुरबा के हित के लिए पूरी तरह समर्पित है और उनके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा विकसित और समृद्ध झारखंड के निर्माण में मिशनरीज समाज की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वास्थ्य, शिक्षा एवं मानव सेवा सहित अनेक क्षेत्र में इस समाज ने महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। इनके द्वारा समाज में किए गए नेक कार्यों को कभी भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे अपने जीवन काल में इस समाज के साथ कई मौकों पर रहने का अवसर प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य में चर्च समूह जो भी कार्य करते हैं पूरी दृढ़ता और संकल्प के साथ उसे पूरा करते हैं। मुख्यमंत्री ने आज खिजरी प्रखंड स्थित राजा उलहातू रांची में संत अन्ना हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के उद्घाटन समारोह के अवसर पर अपने संबोधन में कहीं।

अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर का उद्घाटन कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि मुझे संत अन्ना अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर का उद्घाटन करने का अवसर प्राप्त हुआ है। मैं गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी मैं एक बार बतौर मुख्यमंत्री छोटे से कार्यकाल में इस राज्य के स्वास्थ्य के क्षेत्र से जुड़े संस्थानों के सुदृढ़ीकरण के लिए प्रयासरत रहा था। उन्होंने

कहा कि इससे पहले भी मैं दुमका में मिशनरीज संस्थान द्वारा स्थापित एक नर्सिंग कॉलेज का उद्घाटन किया था। आज वह संस्थान स्वास्थ्य सेवा में बहुत ही उत्कृष्ट कार्य कर रहा है।

वर्तमान सरकार स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्तमान सरकार आने वाले दिनों में स्वास्थ्य-शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार अपने साथ साथ आप सभी समाज के लोगों से आपसी समन्वय बनाकर स्वास्थ्य एवं शिक्षा इत्यादि के क्षेत्र में सकारात्मक कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी सामाजिक संस्था के लोग समृद्ध झारखंड निर्माण के सहभागी बनेंगे ऐसा मुझे विश्वास है। उन्होंने कहा कि सामाजिक संस्था और सरकार मिलकर जब पूरी ताकत के साथ काम करेंगे तो उसका शत प्रतिशत प्रतिफल देखने को मिलेगा।

सीमित संसाधन में अच्छे विजन के साथ इस अस्पताल को बनाया गया

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने संत अन्ना हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का जिक्र करते हुए कहा कि सीमित संसाधन में अच्छे विजन के साथ इस अस्पताल को बनाया गया है। उन्होंने कहा कि यहां पर स्थित पुरानी बिल्डिंग को रिनोवेट कर इस अस्पताल को आधुनिक तकनीक से लैस करना बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि यह अस्पताल आने वाले समय में स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर को और बड़ा बनाने में राज्य सरकार हरसंभव मदद करेगी।

सड़क, बिजली, पानी, एंबुलेंस इत्यादि की मांग पूरी करेगी सरकार

मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि संत अन्ना अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर के प्रबंधन द्वारा सरकार को एक मेमोरेंडम दिया गया है जिसमें सड़क, बिजली, पानी, एंबुलेंस इत्यादि की मांग की गई है। इस पर मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि सरकार इन मांगों को अवश्य पूरी करेगी। इन जरूरतों को पूरा करने की कार्रवाई जल्द ही शुरू की जाएगी।

इस अवसर पर प्रेसिडेंट मदर जनरल लिंडा मैरी वॉन ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि यह अस्पताल स्थानीय और सभी आने वाले जरूरतमंदों के लिए सदैव सेवारत रहेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड के 12 जिलों रांची, दुमका, गिरिडीह, खूंटी, गुमला, सिमडेगा, लोहरदगा, लातेहार, पलामू , सिंहभूम, गढ़वा, हजारीबाग मैं सेवारत है। हमारी संस्था शिक्षा, समाज-सेवा एवं स्वास्थ्य-सेवा के क्षेत्र में अपनी सेवाएं दे रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने अपना बहुमूल्य समय एवं उपस्थिति से हमारा मनोबल बढ़ाया है।

कार्यक्रम के सफल संचलन में मेडिकल सुप्रिडेंट डॉ स्टीफन हांसदा, अस्पताल प्रशासक श्री सैमसन आरोहन, प्रेसिडेंट मदर जनरल लिंडा मेरी वॉन की अहम भूमिका रही।इस अवसर पर खिजरी विधायक श्री राजेश कच्छप, समाजसेवी श्रीमती महुआ माजी तथा डॉ फेलिक्स टोप्पो, श्री पॉल लकड़ा, श्री थेयोदोर मसकरेनस, डॉ जोहन डांग, डॉ फा० जोसेफ मरियनुस कुजूर सहित अन्य गणमान्य आगंतुक उपस्थित थे।

======================

अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर की मुख्य बातें---

संत अन्ना सिस्टर्स द्वारा निर्माण कराया गया संत अन्ना अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर आधुनिक तकनीक से लैस अस्पताल है।

अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर में 18 डॉक्टर सेवा दे रहे हैं

###

=================

#Team PRD (CMO)